
# मेडिकल एजुकेशन में यूपीईएस की नई पहल

देहरादून, 6 फरवरी (नवोदय टाइम्स) : यूपीईएस के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी ने मेडिकल यूनिवर्सिटी ऑफ द अमेरिका के साथ एक अनोखा एमओयू किया है। जिसके तहत देश में डॉक्टर बनने की इच्छा रखने वाले छात्रों के लिए यूपीईएस नए कोर्स शुरू करेगा। इस साझेदारी के तहत यूपीईएस अब एक त्वरित मेडिकल शिक्षा कार्यक्रम लांच करेगा। जिसमें पांच वर्षीय बीएससी, एमडी और अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम में प्रवेश दिया जाएगा।




आवेदन फरवरी 2025 से शुरू होंगे और पहला बैच अगस्त 2025 से पढ़ाई शुरू करेगा। इस कार्यक्रम में पहला वर्ष यूपीईएस में होगा, इसके बाद दो वर्ष एमयूए के सेंट किट्स, नेविस आइलैंड कैंपस में प्री-क्लिनिकल शिक्षा और अंतिम दो वर्ष अमेरिका के संबद्ध अस्पतालों में क्लिनिकल रोटेशन के रूप में पूरे होंगे। पहले वर्ष में छात्र यूपीईएस के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में प्री-मेडिकल सर्टिफिकेट प्रोग्राम में दाखिला लेंगे।

इस वर्ष के सफल समापन पर वे लगभग 47 क्रेडिट अर्जित करेंगे। जिन्हें एमयूए में स्थानांतरित किया जा सकता है। सभी मूल्यांकन सफलतापूर्वक पास करने और एमयूए की पात्रता शर्तों को पूरा करने पर छात्रों को 50,000 अमेरिकी डॉलर की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। जो 13 सेमेस्टर में वितरित की जाएगी।